राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

बढ़ते कोरोना संकट पर विमर्श के लिए महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में 17 अप्रैल, 2021 को 11.00 बजे दिन से सर्वदलीय वर्चुअल बैठक होगी

पटना, 10 अप्रैल 2021

बढ़ते कोरोना संकट पर विमर्श के लिए महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान की अध्यक्षता में 17 अप्रैल, 2021 को 11.00 बजे दिन से एक सर्वदलीय वर्चुअल बैठक आहूत की जाएगी। यह निर्णय महामहिम राज्यपाल के साथ माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी की राजभवन में आज हुई मुलाकात में लिया गया।

बैठक के प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा सम्पर्क स्थापित किया जाएगा।

महामहिम राज्यपाल के साथ आज सम्पन्न मुलाकात में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू भी उपस्थित थे।

....